## One Day Workshop on "Blood Testing"

**Date: 26th May, 2022**

कन्या महाविद्यालय खरखोदा के **Sports Nutrition and Physiotherapy** विभाग के द्वारा HB & BP Testing कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के आयोजन के लिए डॉ नितिन फलस्वाल इमरजेंसी इंचार्ज सब डिविजनल हॉस्पिटल खरखोदा , कोविड-19 नोडल ऑफिसर को आमंत्रित किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में एनीमिया के विकार को दूर करने के उपाय के बारे में जानकारी देना रहा। एचबी टेस्टिंग के द्वारा छात्राएं अपने एचबी लेवल को जान सकती हैं एवं उसके अनुसार अपने खानपान में बदलाव कर सकती हैं। प्राचार्य डाॅ सुरेश बूरा जी ने भी छात्राओं को अच्छी जीवन शैली एवं संतुलित आहार के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला का आयोजन डॉक्टर प्रमिला, डॉक्टर सुमन, डॉक्टर परीक्षित एवं श्री सुमित की देखरेख में किया गया।इस कार्यशाला में 85 छात्राओं एवं लगभग 20 फैकल्टी मेंबर्स ने एचबी टेस्ट करवाया। एचबी टेस्ट के माध्यम से ऐसा ज्ञात हुआ कि बहुत ही कम छात्राओं में खून की कमी है एवं छात्राएं अपने खानपान के संबंध में जागरूक हैं। 90% छात्राओं का एचबी 12 से 14 के बीच मिला जिससे यह साबित होता है कि आज का युवा अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत है।

### PHOTO GALLERY




2022/5/26 12:44


2022/5/26 12:52


2022/5/26 12:51


2022/5/26 12:58

**News Corner**

## Dainik Bhaskar (27-05-2022)

# छात्राओं ने कागज और क्ले से ज्वेलरी बनानी सिखाई

### खरखौदा कन्या कॉलेज में कार्यशाला आयोजित, खून जांच को 42 के सैंपल लिए

भास्कर न्यूज | खरखौदा



खरखौदा. कॉलेज में छात्रा का खून जांच को सैंपल लेते हुए।

खरखौदा कन्या कॉलेज की छात्राओं ने गुरुवार को आनंदपुर झरोठ गांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत डॉ. सारिका , प्रमिला और शालू के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं को कागज और क्ले से अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी बनानी सिखाई। इस दौरान शालू ने महिलाओं को ज्वेलरी जैसे ईयर रिंग, नैकलेस आदि बनाने के साथ-साथ उनको आत्मनिर्भर बनने के बारे में भी जागरूक किया। कार्यक्रम में 18 महिलाओं ने भाग लिया और स्वयं अपने हाथों से कागज और क्ले से ज्वेलरी बनानी सीखी। वहीं, कॉलेज में रक्तजांच कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में 42 छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपने सैंपल दिए। इस दौरान डॉ. प्रमिला, डॉ. सुमन, डॉ. परीक्षित व सुमित आदि मौजूद रहे।

## Amar Ujala(27-05-2022)

# कार्यशाला में 42 छात्राओं के रक्त के नमूने लिए

**खरखौदा।** कन्या कॉलेज में वीरवार को रक्त जांच कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जहां डॉ. नितिन फलस्वाल के नेतृत्व में छात्राओं के रक्त की जांच की गई। इस दौरान 42 छात्राओं के रक्त के नमूने लिए गए। छात्राओं को एनीमिया के विकार दूर करने के उपाय बताए। इस दौरान डॉ. प्रमिला, डॉ. सुमन, डॉ. परीक्षित व सुमित आदि मौजूद रहे। वहीं कॉलेज की ओर से आनंदपुर झरोठ गांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत डॉ. सारिका, प्रमिला और शालू के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं को कागज और क्ले से अलग-अलग डिजाइन की ज्वैलरी बनानी सिखाई। संवाद

**Hari Bhoomi (27-05-2022)**

रोहतक, शुक्रवार, 27 मई, 2022
haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### 42 छात्राओं के रक्त के सैंपल लिए गए

खरखौदा। कन्या कालेज में रक्त जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत डॉ. नितिन फलस्वाल के नेतृत्व में छात्राओं के रक्त की जांच की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि रक्त जांच शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में रक्त की कमी का समय पर पता लगाकर उसे दूर करना है। कुल मिलाकर 42 छात्राओं ने अपने सैम्पल दिए। इस दौरान छात्राओं के रक्त के लेवल की जांच की गई तथा उन्हें एनीमिया के विकार को दूर करने के बारे में बताया गया।

**Relevant Link:**

https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=pfbid023VYckQF3fV7tcndYPQ5Vpx7Pkig2ccK7QRN22qU5SmPjhNxEAvAnmsfMutW23aH9l&id=100013243356996